<u>कार्यालय जिला जज, हरदोई</u>
<u>सूचना</u>

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र संख्या 88 दिनांकित 06.01.2022 के अनुपालन में जनपद हरदोई में गठित स्थायी लोक अदालत में रिक्त आशुलिपिक के पद पर निश्चित मानदेय पर अधिकतम 2 वर्षो के लिए संविदा के आधार पर नियुक्ति किया जाना है।

क0 सं0	पदनाम	पदों की संख्या	योग्यता	नियत मासिक मानदेय
1	आशुलिपिक	01	दीवानी न्यायालय/कलेक्ट्रेट न्यायालयों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा ही आवेदन किया जाना है।	रूपए 9000/-

नोटः- उपरोक्त पद पर नियुक्ति उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र संख्या 2431 दिनांकित 28.09.16 के अनुसार कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 2 वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु पूर्ण करने तक, जो भी पहले हो, के लिए होगी।

उपरोक्त पद हेतु निर्धारित प्रारूप पर अपने आवेदन कोर्ट मैनेजर, जनपद न्यायालय, हरदोई को दिनांक 31.05.2022 तक प्रेषित करें।

आज्ञा से,

जिला जज,
हरदोई।

30/4/2022

<u>स्थायी लोक अदालत, जनपद हरदोई में सृजित आशुलिपिक के पद पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदनपत्र का प्रारूप</u>

नवीनतम
अभिप्रमाणित
पासपोर्ट साइज
फोटो चस्पा करें।

1. पद का नामः– ....

2. आवेदक का नामः– ....

3. पिता का नामः– ....

4. जन्मतिथिः– ....

5. शैक्षिक योग्यताः– ....
(अभिप्रमाणित प्रमाणपत्र की प्रतिलिपियां संलग्न करें)

6. कार्य अनुभवः– ....
(पी पी ओ की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करें)

7. भाषा ज्ञानः– ....

8. पत्राचार हेतु पताः– ....

9. संपर्क दूरभाष/मोबाइल नम्बर एवं ई–मेलः– ....

(आवेदक का हस्ताक्षर)

<u>घोषणा</u>

मैं .... एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त अंकित समस्त कथन व विवरण पूर्णतया सत्य व सही हैं तथा उक्त अंकित कोई भी विवरण असत्य व गलत नहीं है। इस संबंध में मेरे द्वारा वर्णित कोई भी सूचना असत्य व मिथ्या पायी जाती है तो संस्था द्वारा मेरा चयन निरस्त किया जा सकता है, जो कि मुझे मान्य होगा तथा वैधानिक कार्यवाही के दायित्वाधीन होगा। मैं यह भी घोषणा करता हूँ कि मैं कभी किसी न्यायालय द्वारा आपराधिक मामले में दण्डित नहीं किया गया हूँ और न ही मेरे विरुद्ध कोई आपराधिक वाद किसी न्यायालय में विचाराधीन है और न ही मेरे विरुद्ध किसी आपराधिक मामले की प्राथमिकी किसी थाने में दर्ज है।

दिनांकः–

स्थानः–

(आवेदक का हस्ताक्षर)
आवेदक का नामः–...............................

HARDOI